**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तरालेख**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 3 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनता विहार कालोनी, सलेमपुर पतौरा, मोहान रोड, लखनऊ के निवासियों की समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए राशन कार्ड बनाये जाने के संबंध में आशुतोष सिन्हा,सभापति संसदीय एवं सामाजिक सदभाव समिति उ0प्र0 विधान परिषद का पत्र दिनांक 26 फरवरी,2024 जो कि प्रमुख सचिव मुख्य मंत्री को संबोधित था,प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के साथ ग्रामीणों के संलग्न प्रार्थना-पत्र के मुख्य बिन्दु क्या-क्या थे और उक्त बिन्दुओं के आधार पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है? | जिलाधिकारी लखनऊ की आख्या के अनुसार श्री आशुतोष सिन्हा,सभापति संसदीय एवं सामाजिक सदभाव समिति उ0प्र0 विधान परिषद के पत्र दिनांक-26-02-2024 के साथ प्राप्त श्रीमती हसीना बानो पत्नी कमरूद्दीन निवासिनी जनता विहार कालोनी सलेमपुर पतौरा के प्रार्थना पत्र के माध्यम से समस्त औपचारिकताएं पूर्ण होने के बावजूद राशन कार्ड न बनने के कारण राशन नहीं मिलने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी है।<br>जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि तत्समय जनपद में राशनकार्डों का लक्ष्य पूर्ण होने के कारण श्रीमती हसीना बानो पत्नी कमरूद्दीन का राशन कार्ड जारी नही हो सका। दिनांक 10.07.2024 को श्रीमती हसीना बानो पत्नी कमरूद्दीन के नाम पात्र गृहस्थी राशनकार्ड सं0-115741195188 जारी करा दिया गया है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं,तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता । |

योगी आदित्यनाथ
मुख्य मंत्री।